RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 170 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## तिरुमाला मंदिर के दर्शन करने पहुंचे उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई,** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। वह आंध्र प्रदेश के तिरुमला मंदिर में पहुंचे और यहां पूजा अर्चना की। इस दौरान फडणवीस लाल रंग के वस्त्र में नजर आए। बता दें कि देवेंद्र फडणवीस आज आंध्र प्रदेश पहुंचे हैं। यहां उन्होंने तिरुमाला मंदिर का दौरा किया और यहां भगवान वेंकटेश्वर की पूजा की। मंदिर में जाने का उनका वीडियो भी सामने आया है। हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंद और देवेंद्र फडणवीस ने नवी मुंबई में टीटीडी के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया था।

यह मंदिर आंध्र प्रदेश के तिरुमाला की तर्ज पर ही डिजाइन किया गया है। इस दौरान एकनाथ शिंदे ने कहा कि श्री तिरुमाला तिरुपति देवस्थान की ओर से नवी मुंबई के उल्वे में श्री वेंकटेश्वर मंदिर का भव्य भूमिपूजन हुआ है। यह कार्यक्रम बेहद पवित्र वातावरण में संपन्न हुआ। सीएम ने भूमि पूजन की हर किसी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आनंदित करने वाला था। संतोष की बात यह है कि आम लोग भी अब महाराष्ट्र की धरती पर तिरुपति के दर्शन के लिए आ सकते है। इस मंदिर के निर्माण से जुड़े लोगों को एकनाथ शिंदे ने धन्यवाद दिया।

## महाराष्ट्र में नवरात्रि उत्सव और छठ पूजा के लिए BMC की खास तैयारी



### लोगों को मिलेगी ये आवश्यक सुविधाएं

मुंबई, बीएमसी नवरात्रि उत्सव मंडलों को अनुमति देने के लिए एकल खिड़की प्रणाली प्रदान करेगा और यहां छठ पूजा स्थलों पर सफाई और अन्य सुविधाएं भी सुनिश्चित करेगा. नगर निकाय ने कहा है. 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव और अगले महीने होने वाली छठ पूजा के दौरान सुविधाओं के बारे में बुधवार को सर्कुलर जारी किया गया.



यह सर्कुलर महाराष्ट्र के मंत्री की अध्यक्षता में बीएमसी मुख्यालय में एक बैठक के बाद जारी किया गया. मंगल प्रभात लोढ़ा, जो मुंबई उपनगरीय संरक्षक मंत्री भी हैं. परिपत्र के अनुसार, बीएमसी नवरात्रोत्सव मंडलों को अनुमति देने के लिए एकल खिड़की प्रणाली लागू करेगी, देवी की मूर्तियों के विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाब स्थापित करेगी, विसर्जन स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं और प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुविधाएं प्रदान करेगी. मुंबई में 82 छठ पूजा स्थल हैं और नागरिक निकाय स्थलों पर सफाई और अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करेगा. परिपत्र में कहा गया है कि बीएमसी पूजा स्थलों पर चिकित्सा सुविधाओं और एम्बुलेंस के अलावा चेंजिंग रूम की सुविधा प्रदान करेगी. बैठक में नागरिक अधिकारियों के साथ बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट), मुंबई पुलिस, शहर यातायात पुलिस और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए. नगर निकाय ने सड़क पर कचरा और मलबा फेंकने, दुकानों में कूड़ेदान न रखने और शहर को गंदा करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने का फैसला किया है. बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) विभाग ने ऐसे अपराधों के लिए लोगों पर जुर्माना लगाना शुरू कर दिया है,

## मुंबई पुलिस के लिए नियुक्त किये जाएंगे 3,000 कर्मचारी



**मुंबई,** महाराष्ट्र सरकार ने अपने सुरक्षा निगम से 3,000 कर्मियों को मुंबई पुलिस में नियुक्त करने का आदेश जारी किया है। सरकारी उपक्रम महाराष्ट्र राज्य सुरक्षा निगम (एमएसएससी) से आने वाले कर्मी अनुबंध के तहत काम करेंगे और एक विशिष्ट अवधि के लिए चुनिंदा ड्यूटी में मुंबई पुलिस की सहायता करेंगे। राज्य के गृह विभाग द्वारा बुधवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि प्रशासन ने इन 3,000 कर्मियों की सेवाओं के लिए निगम को 30 करोड़ रुपये के भुगतान को मंजूरी दे दी है। मुंबई पुलिस में सिपाही (जवान) के पद खाली पड़े हैं और उनकी भर्ती की प्रक्रिया जारी है। गृह विभाग ने थोड़े समय के लिए शहर के पुलिस बल की खातिर एमएसएससी से सुरक्षा कर्मियों को नियुक्त करने का फैसला किया है।

## मुंबई में नवजात के शव को नाले में फेंकने के आरोप में महिला के खिलाफ मामला दर्ज



मुंबई, मुंबई के पश्चिमी इलाके में अपने नवजात बच्चे के शव को बांद्रा स्थित नाले में फेंकने के आरोप में एक महिला और उसके कार्यस्थल के पुरुष प्रबंधक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि महिला (34) मध्य मुंबई के वर्ली कोलीवाड़ा इलाके में कई अन्य महिलाओं के साथ रह रही थी और अपनी गर्भावस्था को यह कहकर छिपाती थी कि उसके पेट में ट्यूमर है। उन्होंने दर्ज प्राथमिकी के आधार पर कहा कि महिला सोमवार रात करीब नौ बजे बाथरूम में गई और तीन घंटे बाद एक बैग के साथ बाहर आई तथा अन्य महिलाओं को बताया कि उसके पेट का ट्यूमर फट गया है।

अधिकारी ने बताया कि महिला ने अस्पताल जाने से मना कर दिया और अगले दिन बांद्रा क्षेत्र स्थित एक नाले में नवजात के शव को फेंक दिया। उन्होंने कहा कि महिला को यह सुझाव उसके कार्यस्थल पर पुरुष प्रबंधक ने दिया था। उन्होंने कहा कि मंगलवार को इस संबंध में जांच की गई और इसके बाद शव को गुप्त रूप से ठिकाने लगाकर बच्चे के जन्म को छिपाने के आरोप में महिला के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 318 के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने कहा कि प्रबंधक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

## नवी मुंबई में 19 साल की लड़की को चाकुओं से दर्जनों बार किया हमला

### क्षत-विक्षत मिला शव, पुलिस भी हैरान



**नवी मुंबई,** पुलिस को पनवेल तालुका के भिंगारी गांव के पास सर्विस रोड पर 19 साल की एक लड़की का शव मिला. उसके शरीर पर चाकू से दर्जनों बार हमला किया गया था. जिससे लाश पूरी तरह से क्षत-विक्षत मिली. पनवेल सिटी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है. लड़की के शरीर पर चोट के कई निशान थे. मृतक की पहचान पेण के जोगेश्वरी कडेस्पाडा गांव की रहने वाली जयश्री बेबीया पवार के रूप में की गई. उसका शव मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे पनवेल तालुका के भिंगारी गांव के पास पलास्पे और शिव शंभो राजमार्ग के बीच सर्विस रोड पर मिला. शुरूआती जांच में पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने महिला की हत्या की है. पुलिस को संदेह है कि यह घटना उसके शव मिलने से लगभग दो दिन पहले हुई होगी.

महाराष्ट्र में नवी मुंबई पुलिस ने एक युवती का क्षत-विक्षत शव मिलने के बाद मामला दर्ज किया है जिसपर चाकू घोपे जाने का घाव था। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राहगीरों ने भिंगरी गांव में मंगलवार की शाम शव को देखा था। पुलिस ने युवती की पहचान पेन तालुका के जोगेश्वरी की रहने वाली जयश्री बाब्या पवार(19) के रूप में की है। अधिकारी ने बताया कि शव पूरी तरह से क्षत-विक्षत है और गर्दन के पास चाकू घोपे जाने का घाव है। पनवेल पुलिस थाने के निरीक्षक अंजुम भगवान ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और अपराधी का पता लगाने के लिए जांच जारी है।




## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### इंसाफ में अड़चन

सुप्रीम कोर्ट में आया 26 सप्ताह की प्रेग्नेंसी का एक मामला न केवल अपने नेचर की वजह से बल्कि इससे निपटने के तरीकों के कारण ऐसे हालात में पहुंच गया, जिसे इंसाफ के लिहाज से अच्छी स्थिति तो कतई नहीं कहा जा सकता। इस मामले में प्रेग्नेंसी टर्मिनेशन के लिए कानूनन तय 24 हफ्ते की सीमा पहले ही गुजर चुकी थी। लेकिन पिटिशनर की शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक स्थितियां इस केस को महत्वपूर्ण बना रही थीं। एम्स के विशेषज्ञ डॉक्टरों की रिपोर्ट की रोशनी में पिटिशनर के हालात को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने 9 अक्टूबर को दिए फैसले में अबॉर्शन की इजाजत दे दी। चौंकाने वाला घटनाक्रम अगले दिन यानी 10 अक्टूबर का रहा, जब एम्स के डॉक्टरों की उसी समिति की रिपोर्ट के हवाले से केंद्र सरकार चीफ जस्टिस के पास यह अर्जी लेकर पहुंच गई कि इस केस में भ्रूण के जीवित रहने की संभावना है और इसलिए पिटिशनर को अबॉर्शन की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। उखकने आदेश के अमल पर तात्कालिक रोक लगाते हुए मामले को उन्हीं जजों की बेंच के पास भेज दिया। अगले दिन जब मामला उस बेंच के सामने आया तो कई बड़े वाजिब और गंभीर सवाल उठे। एक तो यह कि एम्स की जो एक्सपर्ट कमिटी इस मामले को देख रही थी, उसने अपनी पहली रिपोर्ट में यह बात क्यों नहीं कही कि भ्रूण के जिंदा रहने की संभावना है।

दूसरा सवाल सुप्रीम कोर्ट में कामकाज के ढंग से जुड़ा था। पूछा गया कि केंद्र सरकार सर्वोच्च अदालत की एक बेंच के फैसले के खिलाफ मौखिक रूप से कैसे उखकके पास जा सकती है। बेंच ने इस पर ठीक ही केंद्र को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि यह गलत परिपाटी चल गई तो पूरी न्यायिक व्यवस्था गड़बड़ा जाएगी। मगर इन अहम तकनीकी सवालों के बीच इस प्रकरण का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि 26 हफ्ते की प्रेग्नेंसी के साथ इंसाफ मांगने आई वह महिला अभी भी न्याय का इंतजार ही कर रही है। एम्स की विशेषज्ञ समिति की नई रिपोर्ट के मद्देनजर दो सदस्यों वाली बेंच की राय बंट गई है। अब मामला फिर से उखकके पास जाएगा और वह नई बेंच गठित करेंगे, जो इस मामले पर सुनवाई करेगी। बहरहाल, यहां मिलते-जुलते से एक मामले का जिक्र किया जा सकता है, जिस पर इसी साल अगस्त महीने में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था। 27 हफ्ते के गर्भ से जुड़े उस मामले में रेप विक्टिम को अबॉर्शन की इजाजत देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि अगर भ्रूण जीवित पाया जाता है तो उसका जीवन बचाने की पूरी कोशिश की जाए और बाद में राज्य सरकार यह सुनिश्चित करे कि बच्चे को कानूनी तौर पर गोद लेने की प्रक्रिया संपन्न हो। क्या इस मामले में भी ऐसे किसी संभावित उपाय पर विचार नहीं किया जा सकता?

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# भाजपा के सामने मराठा-OBC में संतुलन साधने की चुनौती...

## अब इस रणनीति से BJP बदलेगी समीकरण







**मुंबई :** महाराष्ट्र में भाजपा इन दिनों अपने नए मराठा साथियों एवं परंपरागत ओबीसी वोट बैंक के बीच संतुलन साधने की चुनौती से जूझ रही है। एक तरफ मराठा आंदोलनकारी अपनी जिद पर अड़े हैं तो दूसरी ओर ओबीसी भी अपनी मांगें मनवाने पर तुले हैं। राज्य का सबसे सशक्त वोट बैंक मराठा समुदाय कभी भाजपा के साथ नहीं रहा है। अपने जनसंघ अवतार में वह ब्राह्मण-बनिया की शहरी आधार वाली पार्टी मानी जाती रही। 1980 में भाजपा के गठन के साथ ही उसने 'माधव' समीकरण का सहारा लेना शुरू कर दिया।

**मराठा नेताओं का नहीं कर पाती मुकाबला**

माधव, यानी माली, धनगर और वंजारी। इस समीकरण में ना.सा. फरांदे माली समाज का अन्ना डांगे धनगर समाज का और गोपीनाथ मुंडे वंजारी समाज का प्रतिनिधित्व करते थे। हालांकि उस दौर में भाजपा के पास सूर्यभान वहाडणे और जयसिंह गायकवाड़ जैसे वरिष्ठ मराठा नेता थे और विनोद तावड़े जैसे मराठा नेताओं का उदय हो रहा था, लेकिन भाजपा की ये मराठा लाबी कभी कांग्रेस के शरद पवार, विलासराव देशमुख, शंकरराव चह्वाण जैसे मराठा नेताओं का मुकाबला नहीं कर पाती थी। भाजपा के इसी सीमित जनाधार के कारण ही शिवसेना भी उसे राज्य की राजनीति में हमेशा दबाकर रखना चाहती थी, लेकिन 2014 की मोदी लहर के कारण राज्य में न सिर्फ समीकरण बदले, बल्कि भाजपा के हौसले भी बुलंद हुए। शिवसेना से अचानक टूटे गठबंधन के बावजूद वह राज्य की 288 में से 120 से अधिक सीटें जीतने में कामयाब रही। राज्य में पहली बार देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में भाजपानीत सरकार बनी, जिसमें एक माह बाद शिवसेना भी छोटे भाई के रूप में शामिल हुई।

**45 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य**

2019 का चुनाव भाजपा-शिवसेना मिलकर लड़ीं। दोनों दलों के बीच सीटों का बंटवारा हुआ। इसके बावजूद भाजपा 105 (10 बागियों को मिलाकर 115) सीटें जीतने में सफल रही। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा-शिवसेना गठबंधन मिलकर 48 में से 41 सीटें जीतने में सफल रहा था। चूंकि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व इस बार महाराष्ट्र में 45 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहा है, इसीलिए एकनाथ शिंदे के साथ अच्छी सरकार चलने के बावजूद भाजपा ने राकांपा नेता अजीत पवार को उनके 42 साथियों के साथ अपनी ओर करने की नीति अपनाई है।

**ओबीसी वर्ग भाजपा का वोट बैंक**

यानी अब भाजपा के अपने परंपरागत मतदाताओं के साथ ही एकनाथ शिंदे और अजीत पवार जैसे दो बड़े मराठा नेता भी उसके साथ आ गए हैं। भाजपा इस समीकरण के साथ अगले लोकसभा और विधानसभा चुनाव की किसी नई रणनीति पर काम शुरू कर पाती, इसके पहले ही एक मराठा युवक मनोज जरांगे पाटिल ने राज्य के सभी मराठों को कुनबी मराठा का प्रमाणपत्र देकर उन्हें ओबीसी कोटे में आरक्षण देने की मांग उठाकर भाजपा के लिए असहज स्थिति पैदा कर दी है। जरांगे पाटिल की इस मांग का विरोध उस ओबीसी वर्ग की ओर से हो रहा है, जिसे भाजपा का वोट बैंक माना जाता रहा है।

# बिहार नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस पटरी से उतरी, 4 की मौत और 70 से ज्यादा घायल



हाल के दिनों में ट्रेन दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। हाल ही में बिहार में एक और गंभीर रेल हादसा हुआ. दिल्ली के आनंद विहार से असम के कामाख्या जा रही नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस के छह डिब्बे बिहार के रघुनाथपुर स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। इस हादसे में अब तक सात लोगों की मौत हो गई है और कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है.

जानकारी के मुताबिक.. बिहार के रघुनाथपुर स्टेशन के पास नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस की छह बोगियां पटरी से उतर गईं. ऐसा लगता है कि हादसा बुधवार रात को हुआ. खबर है कि करीब 7 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं और तीन डिब्बे पलट गए हैं. ऐसा लग रहा है कि इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है और 100 से ज्यादा यात्री घायल हो गए हैं. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और बचावकर्मी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत स्टेशन अस्पतालों में पहुंचाया गया।

बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रेल हादसे पर दुख जताया है. उन्होंने एनडीआरएफ को राहत अभियान तेज करने और स्वास्थ्य विभाग को घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने की सलाह दी. रेल हादसे पर केंद्रीय सह मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने भी प्रतिक्रिया दी. एनडीआरएफ कर्मियों को मौके पर भेजा गया है और घायलों को पटना के एम्स में स्थानांतरित किया जाएगा। बताया गया कि घायलों को पास के सरकारी और निजी अस्पतालों में ले जाया गया है और बचाव कार्य जारी है। ट्रेन हादसे के बाद रेलवे विभाग ने हेल्पलाइन शुरू की है. पटना: 9771449971, धनपुर: 8905697493, कमांड कंट्रोल: 7759070004, आभा: 8306182542 हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं।

# मुंबई की रेव पार्टियों में बिकती थी ड्रग्स

## इन पैसों से खरीदते थे गोल्ड... यूपी से अरेस्ट आरोपियों का खुलासा



**मुंबई:** कुछ दिन पहले महाराष्ट्र में 300 करोड़ रुपये कीमत की 150 किलो एमडीएमए ड्रग्स बरामद की गई थी। उस केस में वॉन्टेड दो आरोपियों को महाराष्ट्र पुलिस और यूपी एसटीएफ ने एक जॉइंट ऑपरेशन में यूपी से गिरफ्तार किया है। आरोपी अभिषेक बालकवडे और भूषण पाटील नासिक के मूल निवासी हैं। उनके पास से पुलिस ने छह एटीएम कार्ड, कई मोबाइल फोन और कैश भी जब्त किया है। जांच में पता चला कि दोनों आरोपी नेपाल भागने की फिराक में थे।

महाराष्ट्र पुलिस के एसीपी सुनील तांबे और यूपी एसटीएफ के उप अधीक्षक धर्मेंद्र कुमार साही की जांच मे सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी भूषण पाटील ड्रग माफिया ललित पाटील का छोटा भाई है और अभिषेक बालकवडे नामक आरोपी ललित पाटील के ड्रग्स नेटवर्क का मुख्य प्रबंधक है। आरोपियों ने जांच अधिकारियों को बताया कि वह साल, 2014 से पब बार व रेव पार्टियों में प्रयोग की जाने वाली प्रतिबंधित एमपीडीए ड्रग्स का निर्माण कर रहे थे। इस काम के लिए पहले औरंगाबाद में, फिर पुणे व नासिक में इन आरोपियों द्वारा कारखाना बनाया गया था। साल 2020 में ललित पाटील के गिरफ्तार होने के बाद ललित के ही इशारे पर उसके भाई भूषण पाटील व प्रबंधक अभिषेक बालकवडे द्वारा पूरे गिरोह की कमान संभाल ली गई। यूपी एसटीएफ द्वारा जारी बयान के मुताबिक, विगत 4 अगस्त को मुंबई में 150 किलो एमडी ड्रग की रिकवरी में ललित पाटील व अन्य गिरोह के सदस्यों के नाम सामने आने के बाद भूषण पाटील और अभिषेक द्वारा साजिश करके ललित पाटील को पुलिस हिरासत से फरार करवा दिया गया।




# विदेशी सस्ती मुद्रा का लालच देकर ठगी करने वाले 4 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**वसई :** एमवीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत क्राइम ब्रांच युनिट 3 की टीम ने धोखाधड़ी की एक बड़ी गुत्थी सुलझाने में सफलता अर्जित की है। दरअसल, युनिट 3 ने संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिकी मुद्रा को सस्ती मुद्रा का लालच देकर लाखों की ठगी करने वाले 4 आरोपी धर दबोच लिया है। गिरफ्तार आरोपी बांग्लादेशी है। यह कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे व एसीपी अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में युनिट 3 के पी.आई. प्रमोद बड़ाख के नेतृत्व में युनिट 3 के पो.उप निरी. अभिजीत टेलर व उमेश भागवत की टीम ने की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने बुधवार को दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 4 अक्टूबर 2023 को दत्त मंदिर, विरार पश्चिम स्थित 64 वर्ष की आयु के शिकायतकर्ता का विश्वास प्राप्त करने के बाद वादी से 4,00,000 रुपये नकद, इसमें 500 रुपये के नोट लेकर आरोपी ने बड़े ही चालाकी से कागजी नोटों की गड्डी में लपेटकर सफेद रंग के रूमाल में लपेटकर शिकायतकर्ता के साथ धोखाधड़ी कर फरार हो गए। संबंधित मामले में शिकायतकर्ता ने विरार थाने में आरोपी के सफेद रंग के रूमाल में लपेटकर खिलाफ कलम 420, 34 के तहत केस दर्ज करवाया था। पुलिस ने बताया कि, तदनुसार, पुलिस उपायुक्त, अपराध, सहायक पुलिस आयुक्त, अपराध द्वारा दिये गये निदेशों एवं आदेशों के अनुसार उक्त अपराध की समानांतर जांच करते हुए तकनीकी विश्लेषण एवं आरोपी के संबंध में प्राप्त गोपनीय जानकारी के आधार पर कार्यवाही की जा रही है। इसी की कार्रवाई के लिए विरार पुलिस स्टेशन बीच आरोपी (1) अख्तर रज्जाक चौधरी (55), (2), सागर रहीम हलदर (45), (3) तहुरन गुलामरसुल शेख (52) व (4) फातीमा बेगम मुशर्रफ शेख (27) को हिरासत में लिया गया। उनके पास से नकद, संयुक्त अरब अमीरात (विदेशी मुद्रा), मोबाइल फोन सहित 1,41,500 रुपये का कीमती सामान जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि शुरूआती जांच के मुताबिक आरोपी बांग्लादेशी नागरिक है। और अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। तथा उक्त आरोपी ने स्वयं को प्रथम शिकायतकर्ता से बताते हुए कहा कि उसके पास संयुक्त अरब अमीरात एवं अमेरिकी मुद्रा (डॉलर) है। शिकायतकर्ता को कम कीमत पर भारतीय रुपयों के बदले लालच देकर वे बदले में शिकायतकर्ता से पैसे लेते हैं और शिकायतकर्ता को रूमाल में लपेटा हुआ रद्दी कागज देकर धोखा देते हैं।



# ऊंची इमारत की चौथी मंजिल से गिरकर बच्ची की मौत



**वसई :** वसई विरार के एक बहुमंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर स्थित एक फ्लैट से गिरकर चार साल की एक बच्ची की मौत हो गई। इस मामले में विरार पुलिस ने सीआरपीसी कलम 174 के तहत केस दर्ज कर आगे की विवेचना कर रही है। पुलिस के अनुसार, यह घटना मंगलवार सुबह विरार पश्चिम के वाय. के. नगर इलाके में बच्छराज लाईफ स्पेस, वाय. के. नगर स्थित इमारत में हुई। विरार पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि बच्ची का परिवार इमारत की चौथी मंजिल पर किराए के फ्लैट में रहता है। अधिकारी ने बताया कि सुबह जब बच्ची सो रही थी तब उसकी मां उसके पिता को रेलवे स्टेशन छोड़ने गई। अधिकारी के अनुसार, इसी बीच बच्ची की नींद खुल गयी और अपनी मां को आसपास न देख कर उसने बेडरूम की खिड़की से बाहर झांका और नीचे गिर गई। उन्होंने बताया कि एक निवासी ने बच्ची को जमीन पर पड़े देखा और उसे पास के अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि उसके पिता ने बाद में बताया कि बच्ची (दर्शनी) उनकी इकलौती संतान थी और परिवार ने उसकी आंखें दान करने का फैसला किया है।

# इजराइल-गाजा युद्ध..मैदान में उतरा भारत, 'ऑपरेशन अजय' के नाम से देश के नागरिकों को निकालने की प्रक्रिया शुरू

**इजराइल पर हमास के हमले से बंटे पश्चिम एशिया में तनाव दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है. इजराइल, जिसने पहले ही आठ साल से गाजा की नाकेबंदी कर रखी है, शहर पर हवाई हमले कर रहा है। हमास भी रॉकेट से इजरायली सेना पर जवाबी हमले कर रहा है. लेबनान और सीरिया के हमास से हाथ मिलाने से इजराइल को तीन तरफ से हमलों का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रतिशोध युद्ध में दोनों पक्षों के 2200 लोग मारे गए। इजराइल में 1,200 और गाजा में 1,055।**





इजराइल और फिलिस्तीन के बीच युद्ध में दोनों देशों के नागरिकों के साथ-साथ विदेशी लोगों की भी जान जा रही है. इन हमलों में अब तक 20 से ज्यादा अमेरिकियों की मौत हो चुकी है. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल में अपने देश के नागरिकों की जान जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. हमास ने इजराइल में हुए हमले को जघन्य अत्याचार बताया है. इजराइल में बड़ी संख्या में भारतीय भी रहते हैं। केंद्रीय विदेश मंत्रालय के अनुसार लगभग 18,000 इजराइल में हैं। केंद्र ने युद्ध क्षेत्र में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने के लिए कदम उठाए हैं. 'ऑपरेशन अजय' के नाम से देश के नागरिकों को निकालने की प्रक्रिया गुरुवार को शुरू हुई. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ट्विटर पर घोषणा की कि वह उन भारतीय नागरिकों के लिए 'ऑपरेशन अजय' शुरू कर रहे हैं जो इजराइल से लौटना चाहते हैं। दावा किया जा रहा है कि भारतीयों की सुरक्षित देश वापसी के लिए विशेष चार्टर उड़ानें और अन्य इंतजाम किए जा रहे हैं. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम विदेश में अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। ऑपरेशन अजयी में भारतीयों के पहले जत्थे को गुरुवार को एक विशेष उड़ान से इजराइल से वापस लाए जाने की उम्मीद है। इजराइल में भारतीय दूतावास ने उन भारतीय नागरिकों को यह मेल किया है जो पहले बैच में घर लौटना चाहते हैं। दिल्ली में नियंत्रण कक्ष ने इजराइल और फिलिस्तीन के युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में फंसे भारतीय नागरिकों को जानकारी और सहायता प्रदान करने के लिए विशेष आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित की हैं।

# डेक्कन थाने में पुलिसकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज, लड़की से संबंध बनाने की कोशिश की

**महाराष्ट्र :** विश्राम बाग थाने के एक पुलिसकर्मी के खिलाफ कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है. मामला दर्ज करने वाले पुलिस अधिकारी का नाम पुलिस नायक केशव इराटकर है। लड़की ने डेक्कन थाने में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस नाइक इराटकर विश्राम बाग पुलिस स्टेशन में तैनात हैं। इराटकर की मुलाकात तरूणी से हुई. इसके बाद उसने मोबाइल से तरूणी के साथ फोटो खींच ली. युवती का मोबाइल नंबर लेकर संपर्क करने का प्रयास किया। उसने लड़की के मोबाइल फोन पर संपर्क किया और उसे घर बुलाया। उसने एक युवती के साथ अश्लील हरकत की. इराटकर के खिलाफ एक युवा लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में बाल यौन उत्पीड़न



रोकथाम अधिनियम (POCSO) के तहत मामला दर्ज किया गया है। सहायक पुलिस निरीक्षक शिंदे जांच कर रहे हैं.

भारती यूनिवर्सिटी पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को अपने मोबाइल फोन पर अश्लील तस्वीरें दिखाकर उसका शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान ऋत्विक गणेश दुगड़ (23 वर्ष, निवासी विघ्नहर्ता नगर, कात्रज-कोंधवा रोड, पुणे) के रूप में हुई है। लड़की की मां ने भारती विद्यापीठ थाने में शिकायत दर्ज करायी है. पुलिस के मुताबिक नाबालिग लड़की अपनी दादी के घर पर रह रही थी. दुगड़ ने एक नाबालिग लड़की को मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दुगड़ के अत्याचारों से नाबालिग लड़की डरी हुई थी. वह मानसिक विकार से पीड़ित थी। आखिरकार लड़की ने इस तरह की जानकारी इया को दी. लड़की की मां द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद दुगड़ को गिरफ्तार कर लिया गया। सहायक पुलिस निरीक्षक तावड़े जांच कर रहे हैं.

# SC कॉलेजियम ने बॉम्बे हाई कोर्ट में 3 नए जज पदोन्नत करने की सिफारिश की...

SC कॉलेजियम, जिसमें सीजेआई चंद्रचूड़ और न्यायाधीश संजय किशन कौल और संजीव खन्ना शामिल हैं, ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में तीन न्यायिक अधिकारियों, अभय जयनारायणजी मंत्री, श्याम छगनलाल चंडोक और नीरज प्रदीप धोटे को पदोन्नत करने की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने कहा कि पहले उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए दो अधिकारियों की अनदेखी की गई थी। हालाँकि, यह देखते हुए कि उच्च न्यायालय कॉलेजियम और सलाहकार न्यायाधीशों ने उन्हें फिट और उपयुक्त पाया, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उनकी नियुक्ति की सिफारिश की।






# शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं ने ठाणे में हॉकरों के खिलाफ कार्रवाई की निंदा की



**ठाणे :** शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को ठाणे नगर निगम प्रमुख से मुलाकात कर पडवल नगर में फेरीवालों और सड़क विक्रेताओं के खिलाफ निगम द्वारा चलाए गए अभियान के बारे में शिकायत की। पार्टी ने आरोप लगाया कि बर्तन और गैस स्टोव सहित सड़क किनारे विक्रेताओं का सामान नष्ट कर दिया गया। पूर्व नगरसेवक संजय गाडीगांवकर ने कहा कि उन्होंने प्रभावित फेरीवालों के लिए मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि निकाय प्रमुख ने भी घटना की निंदा की।

# समीर वानखेड़े को जान से मारने की धमकी...

## पुलिस ने इंस्टाग्राम यूजर के खिलाफ शुरू की कार्रवाई



**मुंबई :** गोरेगांव पुलिस ने मुंबई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक और आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े को मिली जान से मारने की धमकी की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। वानखेड़े ने मुंबई पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें एक इंस्टाग्राम यूजर से 'जान से मारने की धमकी' मिल रही है, जो कथित तौर पर बांग्लादेश में बताया जा रहा है। वर्तमान में चेन्नई में तैनात वानखेड़े ने अज्ञात इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता से प्राप्त मौत की धमकी के संदेशों पर मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर को एक ईमेल भेजा है। 2008 बैच के आईआरएस अधिकारी, वानखेड़े को बॉलीवुड मेगा-स्टार शाहरुख खान से बड़ी रकम वसूलने के कथित प्रयास के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि वानखेड़े ने 2 अक्टूबर, 2021 को मुंबई तट के पास लक्जरी जहाज, कॉर्डेलिया क्रूज पर ड्रग्स का भंडाफोड़ करने के लिए छापेमारी की थी और शाहरुख खान के बेटे आर्यन सहित ग्लैमर जगत के 17 से अधिक लोगों को पकड़ा था। आर्यन खान ने एक महीना जेल में बिताया, और रिहाई के बाद, एक उच्च-स्तरीय एनसीबी जांच ने निष्कर्ष निकाला कि वह निर्दोष था और उसे उस मामले में फंसाया गया था।

# महाराष्ट्र सहित इन राज्यों में अगले 24 घंटों में होगी भारी बारिश

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट



**महाराष्ट्र :** जैसा की हम सब जानते है दक्षिण-पश्चिम मॉनसून देश के कई राज्यों से वापस चला गया है। इसके चलते देश की जलवायु में बड़ा बदलाव आया है और इसके चलते कुछ हिस्सों में ठंड तो कुछ में गर्म मौसम का अनुभव हो रहा है। इसी तरह आज मौसम विभाग ने बारिश को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 24 घंटों में कई राज्यों में भारी बारिश होगी।

मौसम विभाग के मुताबिक, केरल में 13 अक्टूबर तक बारिश की संभावना है। इतना ही नहीं बल्कि इसके अलावा कर्नाटक, तमिलनाडु में वापसी की बारिश शुरू हो जाएगी। साथ ही कर्नाटक, तेलंगाना और महाराष्ट्र में भी अगले 24 घंटों में हल्की बारिश होने की संभावना है। दक्षिण भारत में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। यानी भारत के ज्यादातर हिस्सों में बारिश होने की संभावना है।

इसके अलावा आपको यह भी बता दें कि साथ ही कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी बारिश की भी संभावना है। स्काईमेट वेदर रिपोर्ट के मुताबिक, तमिलनाडु, उत्तरी केरल, दक्षिणी कर्नाटक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में स्वास्थ्य आधार पर नवाब मलिक की अंतरिम जमानत तीन महीने के लिए बढ़ा दी



मुंबई: सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में स्वास्थ्य आधार पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक की अंतरिम जमानत तीन महीने के लिए बढ़ा दी। आरोपी मलिक को इससे पहले 11 अगस्त को शीर्ष अदालत ने इसी स्वास्थ्य आधार पर दो महीने के लिए जमानत दे दी थी। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की 2-जजों की बेंच ने जमानत बढ़ा दी क्योंकि उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार नहीं हुआ है और उनकी एक किडनी खराब हो गई है।

जांच एजेंसी, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल (एसजी), तुषार मेहता ने चिकित्सा आधार पर मलिक को जमानत देने पर कोई आपत्ति नहीं जताई। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ एनसीपी नेता मलिक मार्च 2022 से न्यायिक हिरासत में हैं। उन्हें इस साल 11 अगस्त को पहली बार अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया था।

मलिक के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने अदालत से गुहार लगाई थी कि मलिक की शारीरिक स्थिति गंभीर है क्योंकि वह किडनी की विभिन्न बीमारियों से पीड़ित हैं और उनकी दाहिनी किडनी की स्थिति बिगड़ रही है सिब्बल ने यह भी कहा कि मलिक किडनी की बीमारी के कारण पिछले 20 महीने से इलाज करा रहे हैं। मेहता ने कहा कि चिकित्सा आधार पर निर्धारित अवधि के लिए जमानत दिए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

ईडी ने आरोप लगाया था कि मलिक ने डी-गैंग के सदस्यों, इब्राहिम की बहन, हसीना पार्कर और दो अन्य लोगों के साथ मिलकर 1999 और 2006 के बीच मुंबई के कुर्ला में अवैध रूप से एक संपत्ति हड़प ली थी। ईडी ने आरोप लगाया था कि चूंकि पार्कर कुख्यात गैंगस्टर और वैश्विक आतंकवादी के अवैध कारोबार को संभालती थी, इसलिए मलिक ने कथित तौर पर उसे जो पैसा दिया था, उसका इस्तेमाल अंततः आतंकी फंडिंग के लिए किया गया था, पूर्व विधायक पर धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे।

# मुंबई में 'वाइब्रेंट गुजरात समिट' पर महाराष्ट्र विपक्ष को आपत्ति

**मुंबईः** शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने बुधवार को मुंबई में 'वाइब्रेंट गुजरात समिट' को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए कहा कि यह आयोजन महाराष्ट्र के उद्योगों को गुजरात में छीनने के लिए किया जा रहा है। यह आलोचना वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के दौरान एक निवेशक रोड शो के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की मुंबई यात्रा की पृष्ठभूमि पर आई है, जिसका उद्देश्य उनके राज्य के लिए निवेश आकर्षित करना है। शिंदे भी इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले हैं.



इस पर टिप्पणी करते हुए, ठाकरे ने एक्स पर व्यंग्यात्मक ढंग से कहा, ''गुजरात के सीएम वाइब्रेंट गुजरात के दौरान गुजरात में उद्योगों को लुभाने और निवेश के लिए बैठकों के लिए मुंबई में हैं। इन सभी प्रयासों के बजाय, वह बस महाराष्ट्र के अवैध सीएम को बुला सकते थे और उनसे महाराष्ट्र से गुजरात में और अधिक उद्योग भेजने के लिए कहा।'' सेना यूबीटी नेता ने उन उद्योगों के नाम पढ़े जिनके बारे में उनका दावा था कि इन्हें मूल रूप से महाराष्ट्र में स्थापित किया जाना था, लेकिन बाद में वे पड़ोसी राज्य में स्थापित हो गए। ''वेदांता-फॉक्सकॉन, बल्क ड्रग पार्क, टाटा एयरबसङ्ख सब कुछ गुजरात भेज दिया गया है। और क्या बचा है?'' उसने पूछा। ठाकरे ने कहा, जहां अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री ऐसे रोड शो (निवेश आकर्षित करने के लिए) के लिए नियमित रूप से मुंबई आते हैं, वहीं शिंदे केवल अपने स्वार्थ के लिए दिल्ली आते हैं। शिवसेना (यूबीटी) के अलावा, महाराष्ट्र के अन्य विपक्षी दलों ने भी वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के लिए शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की है। राज्य कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा, ''आज के सत्तारूढ़ अधिकारी महाराष्ट्र को लूट रहे हैं और इसे गुजरात को वापस दे रहे हैं। सरकार में शामिल लोगों ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि वे गुजरात के एजेंट हैं।''

शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के मुख्य प्रवक्ता महेश तापसे ने शिंदे सरकार पर चुप रहने का आरोप लगाया क्योंकि ''गुजरात महाराष्ट्र से व्यवसायों को दूर ले जाने के लिए नए सिरे से प्रयास कर रहा है।'' वाइब्रेंट गुजरात समिति के हिस्से के रूप में, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने मुकेश अंबानी, लार्सन एंड टुब्रो के अध्यक्ष एस.एन. सहित कई बिजनेस टाइकून से मुलाकात की। सुब्रमण्यन, प्रॉक्टर एंड गैंबल के एमडी भारत और दक्षिण एशिया एलवी वैद्यनाथन और यूनाइटेड फॉस्फोरस लिमिटेड (यूपीएल) के अध्यक्ष और समूह सीईओ जयदेव रजनीकांत श्रॉफ।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं 3 - 4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावला क्रॉस रोड नं 12, गोरगांव (पूर्व), मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1-ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email-editor@rokthoklekhaninews.com